
## कर्मकार श्रमिक पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण कराएं

रतलाम। रतलाम जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया है कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल अंतर्गत पंजीकृत ऐसे समय से श्रमिक जिनके पंजीयन कार्ड की वैधता समाप्त हो चुकी है वे सभी श्रमिक विधिवत रूप से नवीनीकरण प्रक्रिया का पालन करें। अपने पंजीयन कार्ड के नवीनीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे मूल आवेदन, समग्र परिवार की जानकारी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो तथा विगत 1 वर्ष में 90 दिवस कर्मकार श्रमिक के रूप में नियोजित रहने संबंधी प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन स्थानीय लोक सेवा केंद्र ग्राम पंचायत या नगरी निकाय के माध्यम से जमा करें। अपीलीय प्रक्रिया : मध्य प्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल अंतर्गत पंजीकृत ऐसे समस्त समीप जिनके पंजीयन को भौतिक सत्यापन के दौरान 20 वर्ष अपात्र चिन्हित किया जा चुका है वे श्रमिक अपनी पात्रता के दस्तावेज सहित अपनी अपील ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को तथा शहरी क्षेत्र में आयुक्त अथवा नगर पालिका अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें। श्रमिक के पंजीयन की पात्रता की जांच समग्र आईडी अथवा पोर्टल का उपयोग कर http://labour.mp.gov.in/corona/public/BenifitStatus.asp& के द्वारा की जा सकती है। आवश्यक दस्तावेजों में मूल अपील, आवेदन, समग्र परिवार की जानकारी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो तथा विगत 1 वर्ष में 90 दिवस कर्मकार श्रमिक के रूप में नियोजित रहने संबंधी लॉटरी किया व प्रमाण पत्र शामिल है। इन्दौर समाचार 18-4

## समाजिक न्याय पखवाड़े के अंतर्गत असंगठित श्रमिको के सम्मेलन का आयोजन



रतलाम। सम्पूर्ण भारत मे भारतीय जनता पार्टी द्वारा सामाजिक न्याय पखवाड़े का आयोजन 7 से 20 अप्रेल तक किया जा रहा है। इसी तारतम्य मैं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के जिला प्रभारी इब्राहिम शैरानी, कार्यक्रम संयोजक एवं जिला अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंसूर जमादार, सह संयोजक एवं जिला मीडिया प्रभारी मुबारिक शैरानी द्वारा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वाधान मै असंगठित श्रमिको के सम्मेलन का आयोजन कर वैंडिंग नेम प्लेट एवं प्रधानमंत्री के संदेश को अतिथियों के द्वारा वितरित कराया गया। कार्यक्रम मे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष इब्राहिम शैरानी, जुग्गी झोपड़ी प्रदेश संयोजिका अनिता कटारिया, जिला मंत्री सोना शर्मा, जिला भंडार प्रभारी दशरथ पाटीदार, मण्डल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, मण्डल महामंत्री राकेश परमार, धर्मेंद्र सिंह, महिला मोर्चा जिला महामंत्री महिला मोर्चा अनिता पाहुजा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रो इमरान हुसैन द्वारा एवं आभार जिला मीडिया प्रभार मुबारिक शैरानी द्वारा माना गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बबलू पटेल, वाजिद खान, ईस कुरेशी, सलीम नेताजी, हमीद खान, लतीफ बा, शेख अजरुद्दीन, ज़ाकिर हुसैन फ़क्क़ा, अज़हर मंसूरी, शरीफ कुरेशी, इमरान खान, अकबर कुरेशी आदि अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी में इसरार रेहमानी जिला कार्यालय मंत्री ने दी।



## ईद को लेकर तैयारी शुरू, पुरानी ईदगाह पर करवाई साफ-सफाई

इन्दौर समाचार 18-4

रतलाम। रविवार को पुरानी ईदगाह का साफ सफाई व निरीक्षण किया गया। पिछले 2 वर्षों के बाद ईद की नमाज ईदगाह में अदा की जाएगी। जिसकी तैयारियों को लेकर समाज सेवियो के साथ पूर्व नेता प्रतिपक्ष यास्मिन शेरानी, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि शहजाद खान, शाहिद हुसैन, नासिर भाई अख्तर भाई अनीस खान ने पुरानी ईदगाह का निरीक्षण किया व सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यास्मीन शेरानी ने बताया कि ईदगाह में 2 साल से नमाज नहीं होने की वजह से रखरखाव नहीं हो पाया था साथ ही यहां पर कई प्रकार की अव्यवस्था भी व्याप्त थी उसको जल्द ही निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम सहा.स्वा.अधिकारी ए पी सिंह व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## काटजू नगर से कस्तूरबा नगर पैदल पुल जरूरी : काकानी

रतलाम। सैलाना बस स्टैंड से लेकर राम मंदिर तक लगे लंबे समय के जाम को देखकर फिर एक बार पुरानी मांग काटजू नगर से कस्तूरबा नगर जोड़ने वाले पैदल पुल बनाया जाए। उक्त मांग समाजसेवी गोविंद काकानी ने करते हुए बताया कि अनेक बार इस मार्ग पर लंबा जाम हो जाता है और वैकल्पिक कोई व्यवस्था नहीं है। इस मार्ग पर मेडिकल कॉलेज, मैरिज गार्डन, स्कूल के साथ अंतर राज्य मार्ग होने से अत्यधिक दवाब के कारण ऊपरी क्षेत्र के रहवासियों के लिए बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाती है। काटजू नगर कस्तूरबा नगर को पैदल पुल जोड़ने से इस समस्या का निदान तो होगा ही साथ में सुबह घूमने वाले शहर के लोगो को भी हनुमान ताल तक शुद्ध हवा लेने का लाभ मिलेगा। नए रतलाम के लिए देखना होगा कब पूरी होगी यह मांग।

इन्दौर समाचार 18-4

## कर्मकार श्रमिक पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण कराएं

रतलाम। रतलाम जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया है कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल अंतर्गत पंजीकृत ऐसे समय से श्रमिक जिनके पंजीयन कार्ड की वैधता समाप्त हो चुकी है वे सभी श्रमिक विधिवत रूप से नवीनीकरण प्रक्रिया का पालन करें। अपने पंजीयन कार्ड के नवीनीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे मूल आवेदन, समग्र परिवार की जानकारी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो तथा विगत 1 वर्ष में 90 दिवस कर्मकार श्रमिक के रूप में नियोजित रहने संबंधी प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन स्थानीय लोक सेवा केंद्र ग्राम पंचायत या नगरी निकाय के माध्यम से जमा करें।

अपीलीय प्रक्रिया : मध्य प्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल अंतर्गत पंजीकृत ऐसे समस्त समीप जिनके पंजीयन को भौतिक सत्यापन के दौरान 20 वर्ष अपात्र चिन्हित किया जा चुका है वे श्रमिक अपनी पात्रता के दस्तावेज सहित अपनी अपील ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को तथा शहरी क्षेत्र में आयुक्त अथवा नगर पालिका अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें। श्रमिक के पंजीयन की पात्रता की जांच समग्र आईडी अथवा पोर्टल का उपयोग कर http://labour.mp. gov. in/ corona/ public/ Benifit Status.asp& के द्वारा की जा सकती है। आवश्यक दस्तावेजों में मूल अपील, आवेदन, समग्र परिवार की जानकारी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो तथा विगत 1 वर्ष में 90 दिवस कर्मकार श्रमिक के रूप में नियोजित रहने संबंधी लॉटरी किया व प्रमाण पत्र शामिल है। 18-4

## काटजू नगर से कस्तूरबा नगर पैदल पुल जरूरी : काकानी

रतलाम। सैलाना बस स्टैंड से लेकर राम मंदिर तक लगे लंबे समय के जाम को देखकर फिर एक बार पुरानी मांग काटजू नगर से कस्तूरबा नगर जोड़ने वाले पैदल पुल बनाया जाए। उक्त मांग समाजसेवी गोविंद काकानी ने करते हुए बताया कि अनेक बार इस मार्ग पर लंबा जाम हो जाता है और वैकल्पिक कोई व्यवस्था नहीं है। इस मार्ग पर मेडिकल कॉलेज, मैरिज गार्डन, स्कूल के साथ अंतर राज्य मार्ग होने से अत्यधिक दबाव के कारण ऊपरी क्षेत्र के रहवासियों के लिए बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाती है। काटजू नगर, कस्तूरबा नगर को पैदल पुल जोड़ने से इस समस्या का निदान तो होगा ही, साथ में सुबह घूमने वाले शहर के लोगों को भी हनुमान ताल तक शुद्ध हवा लेने का लाभ मिलेगा। नए रतलाम के लिए देखना होगा कब पूरी होगी यह मांग।

## कर्मकार श्रमिक पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण कराएं

रतलाम। जिला श्रम पदाधिकारी ने बताया है कि मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल अंतर्गत पंजीकृत ऐसे समय से श्रमिक जिनके पंजीयन कार्ड की वैधता समाप्त हो चुकी है वे सभी श्रमिक विधिवत रूप से नवीनीकरण प्रक्रिया का पालन करें। अपने पंजीयन कार्ड के नवीनीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे मूल आवेदन, समग्र परिवार की जानकारी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो तथा विगत 1 वर्ष में 90 दिवस कर्मकार श्रमिक के रूप में नियोजित रहने संबंधी प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन स्थानीय लोक सेवा केंद्र ग्राम पंचायत या नगरी निकाय के माध्यम से जमा करें। मध्य प्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल अंतर्गत पंजीकृत ऐसे समस्त समीप जिनके पंजीयन को भौतिक सत्यापन के दौरान 20 वर्ष अपात्र चिन्हित किया जा चुका है वे श्रमिक अपनी पात्रता के दस्तावेज सहित अपनी अपील ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को तथा शहरी क्षेत्र में आयुक्त अथवा नगर पालिका अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें। श्रमिक के पंजीयन की पात्रता की जांच समग्र आईडी अथवा पोर्टल का उपयोग कर http://labour.mp. gov. in/ corona/ public / Benifit Status.asp& के द्वारा की जा सकती है। आवश्यक दस्तावेजों में मूल अपील, आवेदन, समग्र परिवार की जानकारी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो तथा विगत 1 वर्ष में 90 दिवस कर्मकार श्रमिक के रूप में नियोजित रहने संबंधी लॉटरी किया व प्रमाण पत्र शामिल है। 18-4

## ईद को लेकर तैयारी शुरू

रतलाम। 2 वर्षों के बाद ईद की नमाज ईदगाह में अदा की जाएगी। इसी के चलते पुरानी ईदगाह की रविवार को साफ सफाई व निरीक्षण किया। जिसकी तैयारियों को लेकर समाज सेवियों के साथ पूर्व नेता प्रतिपक्ष यास्मिन शेरानी, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि शहजाद खान, शाहिद हुसैन, नासिर भाई, अख्तर भाई, अनीस खान ने पुरानी ईदगाह का निरीक्षण किया व सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यास्मीन शेरानी ने बताया कि ईदगाह में 2 साल से नमाज नहीं होने की वजह से रखरखाव नहीं हो पाया था। साथ ही यहां पर कई प्रकार की अव्यवस्था भी व्याप्त थी, उसका जल्द ही निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह व कर्मचारी भी मौजूद रहे। 18-4

## मुख्यमंत्री निकायों को अंतरित करेंगे 931 करोड़ लाख

भोपाल। मुख्यमंत्री प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को 15वें वित्त आयोग की अनुशंसित 931 करोड़ 50 लाख रुपए की राशि 18 अप्रैल को सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी करेंगे। इसमें चार मिलियन प्लस शहरों (दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले) को 432 करोड़ 50 लाख एवं नॉन मिलियन प्लस शहरों को 499 करोड़ रुपए की राशि अंतरित होगी। 18-4

# 48 सफ़ाई मित्रों का 1 दिवस एक दिवस का वेतन काटा

18-4-

रतलाम ( तेज एक्सप्रेस )। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डो में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत 17 अप्रैल को प्रातः 18 व दोपहर में 30 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रातः की शिफ्ट में उपस्थित रहते हैं व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पुरे दिवस का वेतन काटा जायेगा। 16 अंप्रैल गुरुवार को झोन क्रमांक 1 में विमलाबाई पति रघुवीर, बादल-दिलीप, राकेष-रतनलाल, अजय-विनोद, अनिल-अर्जुन, विजय-फुलचन्द, झोन क्रमांक 2 में सुनील-श्यामलाल, सोमदीप-सुदेश, प्यामुबाई-कन्हैया, मीनाबाई-किशोर, विमलाबाई-पंकज, महेन्द्र-नेहरू, शिवकन्या-रमेश, प्रदीप-रामप्रसाद, पूर्णिमाबाई-चरण, राकेश-रामप्रसाद, संजय-बच्चु, मंजुबाई पति राजू, दोपहर की शिफ्ट में झोन क्रमांक 1 में विजय-पांतिलाल, सतीश-गोवर्धन, झोन क्रमांक 2 में नितिन-कमल, लताबाई पति संजय, विमलाबाई पति नारायण, बबीताबाई-श्यामलाल, सुगनाबाई पति शंकर, दयाराम-मुंशी, मनुबाई पति किशोर, इस तरह 48 कर्मचारी बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है उन्हे सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जायेगी। तेज एक्सप्रेस

# नगर निगम उठायेगा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट सामग्री

रतलाम ( तेज एक्सप्रेस )। निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट सामग्री के नियमानुसार निष्पादन हेतु नगर निगम द्वारा योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सैंटर में निर्माण एवं विध्वंस सामग्री बनाया गया है। नागरिक मोबाईल नम्बर 7471144078 पर कॉल करके सामग्री को उठवा सकते है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों के अन्तर्गत नगर निगम द्वारा योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेंटर में निर्माण एवं विध्वंस सामग्री बनाया गया है। तेज एक्सप्रेस

18-4

# हनुमान ताल की पाल को करेंगे मजबूत, डोंगरे नगर में ओपन जिम बनाया जाएगा

## नेहरू स्टेडियम में सीसी रोड बनेगी, विधायक निधि से होंगे ज्यादातर काम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

18-4-

शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में काम हो रहे हैं। जल्द डोंगरे नगर में ओपन जिम बनाया जाएगा, वहीं, दिलीप नगर, विनोबा नगर स्वास्थ्य केंद्र की हालत सुधारी जाएगी। सभी काम विधायक निधि से होंगे। इनके टेंडर जारी हो चुके हैं।

जिले में विधायक निधि से अब तेजी से काम होने लगे हैं। डोंगरेनगर के बगीचे में ओपन जिम बनाया जाएगा, इसके लिए 2.41 लाख रुपए खर्च होंगे। इसके साथ आंबेडकर भवन में विधायक निधि और निगम निधि से सामुदायिक भवन और टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण होगा। इसमें 19.55 लाख का बजट रखा है। वहीं, विधायक निधि से वार्ड क्रं. 28 दिलीप नगर सामुदायिक भवन में पैवर ब्लॉक, वार्ड क्रं. 5 विनोबा नगर सामुदायिक भवन में दो कक्ष टॉयलेट का निर्माण किया जाएगा। नेहरू स्टेडियम में सीमेंट कांक्रीट की सड़क बनाई जाएगी।

**तीन से चार महीने में पूरे होंगे सभी काम-** विनोबा नगर सामुदायिक भवन को छोड़कर सभी काम तीन से चार महीने में पूरे हो जाएंगे। विनोबा नगर भवन को बनने में 6 महीने लगेंगे। सभी के लिए 20 अप्रैल को टेंडर की बीड भी खुल जाएगी। वर्क आर्डर के बाद काम शुरू होंगे।

### हनुमान ताल की पाल के लिए खर्च करेंगे 34.27 लाख

इधर, हनुमान ताल की पाल को बेहतर किया जाएगा। हनुमान ताल के सुदृढ़ीकरण के लिए अपस्टीम स्लोप पर पिचिंग का काम किया जाएगा। हनुमान ताल की पाल में कटाव होने को लेकर कई बार मामले सामने आ चुके हैं। इसमें 34.27 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

# दोपहर की शिफ्ट से गैरहाजिर तो पूरे दिन का वेतन कटेगा

रतलाम | सफाई व्यवस्था से बगैर अनुमति और सूचना दिए गैरहाजिर रहने की सफाई कर्मचारियों की आदत खत्म नहीं हो रही है। इसके चलते अब दोपहर की शिफ्ट में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों का पूरा दिन का वेतन कटना शुरू हो गया है।

रविवार को 48 सफाई कर्मचारियों पर वेतन काटने की कार्रवाई की गई। इसमें सुबह की शिफ्ट के 18 और दोपहर की शिफ्ट के 30 कर्मचारी शामिल हैं। पर्यवेक्षकों की चेकिंग रिपोर्ट मिलने के बाद आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आदेश जारी कर दिए हैं। सभी को कारण बताओ सूचना-पत्र भी जारी किए गए हैं। इनमें जोन एक के 8, जोन दो के 29, जोन तीन के 5 और जोन चार के 4 सफाई कर्मचारी शामिल हैं।

# नौलाईपुरा का ढंका हुआ नाला खुलवाया, भुट्टा बाजार की अवैध गुमटियां भी हटेंगी



नौलाईपुरा के नाले से पक्का अतिक्रमण हटाते हुए नगर निगम अमला।

18-4-22

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दुकानदारों द्वारा पक्का निर्माण कर ढंके नौलाईपुरा नाले की सफाई रविवार से शुरू हो गई। नगर निगम को पहले जेसीबी की सहायता से नालों पर किया पक्का अतिक्रमण तोड़ना पड़ा। उधर, भुट्टा बाजार में लगी अवैध गुमटियां हटाई जाएगी। सोमवार से कार्रवाई चालू हो जाएगी। रविवार को निरीक्षण पर निकले आयुक्त सोमनाथ झारिया व्यावसायिक और मुख्य मार्गों की सफाई व मुख्य मार्गों की सफाई देखने निकले। उन्होंने दो बत्ती, सैलाना बस स्टैंड, गीता मंदिर रोड, भुट्टा बाजार, डालू मोदी बाजार, नाहरपुरा, चांदनी चौक, नौलाईपुरा, धानमंडी आदि इलाकों का निरीक्षण कर नाले-नालियों की सफाई कराने को कहा। स्वास्थ्य अमले ने नौलाईपुरा नाले की सफाई तुरंत शुरू कर दी। वहीं, आयुक्त ने गंदगी फैलाने पर अरुण अग्रवाल पर 3000 रुपए, धर्मेंद्र सिसौदिया पर 2000 रुपए, धर्मेंद्र टांक पर 1000 रुपए, मनोहर सिंह, सुजानमल, रामकिशन पर 500 रुपए, हरि सिंह व नूर पर 250 रुपए, रमेश, निर्मल व अनिल पर 100 रुपए का स्पॉट फाइन किया।

## 26 सफाई मित्रों पर आयुक्त की कार्रवाई

रतलाम ● वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रात: 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत प्रात: 7 व दोपहर में 9 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रात: की शिफ्ट में उपस्थित रहते हैं व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पूरे दिवस का वेतन काटा जाएगा।

## 2 चालकों को सूचना पत्र जारी 18-4

रतलाम ● बिना सूचना के अनुपस्थित कचरा संग्रहण वाहन के चालक रूपेश चावरे व कैलाश परमार का सात दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

## रात्रिकालीन सफाई में अनुपस्थित रहे कर्मचारी

रतलाम ● शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा 15 अप्रैल को निरीक्षण किए जाने पर 5 कर्मचारियों द्वारा अपने कर्तव्य स्थल पर अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटने व सेवा से बर्खास्त किए जाने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए जाने के निर्देश संबंधित को दिए।



## असंगठित श्रमिको के सम्मेलन का आयोजन

रतलाम ● स्वदेश समाचार 18-4

सम्पूर्ण भारत में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सामाजिक न्याय पखवाड़े का आयोजन 20 अप्रैल तक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के जिला प्रभारी इब्राहिम शैरानी, कार्यक्रम संयोजक एवं जिला अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंसूर जमादार, सह संयोजक एवं जिला मीडिया प्रभारी मुबारिक शैरानी द्वारा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में असंगठित श्रमिको के सम्मेलन का आयोजन कर वेंडिंग नेम प्लेट एवं प्रधानमंत्री के संदेश को अतिथियों के द्वारा वितरित कराया गया।

## कचरा फैलाने पर 6 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम ● नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलिथीन का उपयोग एवं विक्रय करते हैं, खुले में यूरिन करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाइन की कार्रवाई की जा रही है जिसके तहत 6 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

## प्रकाश विभाग प्रभारी व स्टॉफ का वेतन काटा

रतलाम ● प्रताप नगर से आनन्द मॉल होते हुए डी मार्ट की ओर जाने वाले रास्ते पर नगर निगम द्वारा लगाया गया एक पोल सड़क पर गिरा पाया गया व इसकी खबर समाचार-पत्र में भी प्रकाशित होने व निर्देश के बाद भी पोल को तत्काल स्थापित नहीं किये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार प्रकाश विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य सहित प्रकाश विभाग के समस्त स्टॉफ का एक दिवस का वेतन काटा जाकर कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया। 18-4

गंदगी करने व अमानक पालिथीन का उपयोग करने वालों जुर्माना वसूला

# भुट्टा बाजार में लगी अवैध गुमटी को हटाने के निगमायुक्त ने दिए निर्देश



नौलाईपुरा में नाली से गाद निकालती हुई जेसीबी। ●नईदुनिया

18-4-22

रतलाम। शहर के व्यावसायिक व अन्य क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कर व्यावसायिक क्षेत्र व मुख्य मार्गों की सफाई के साथ ही नाले-नालियों की सफाई के निर्देश संबंधितों को दिए। उन्होंने भुट्टा बाजार में लगी अवैध गुमटी को हटाने के निर्देश भी दिए।

निगम आयुक्त ने दो बत्ती, सैलाना बस स्टैंड, गीता मंदिर रोड, भुट्टा बाजार, डालू मोदी बाजार, नाहरपुरा, चांदनी चौक, नौलाईपुरा, धानमंडी आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर नाले-नालियों की सफाई के निर्देश संबंधित को देते हुए नौलाईपुरा क्षेत्र के नाले की सफाई का कार्य तत्काल प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए। गंदगी, भवन निर्माण सामग्री फैलाकर अतिक्रमण करने पर आयुक्त के निर्देषानुसार अरुण अग्रवाल से 3000 रुपये, धर्मेंद्र सिसौदिया से 2000 रुपये, धर्मेंद्र टांक से 1000 रुपये, मनोहर सिंह, सुजानमल, राम किशन से 500-500 रुपये, हरि सिंह व नूर से 250-250, रमेश, निर्मल व अनिल से 100-100 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी को भविष्य में गंदगी व अतिक्रमण नहीं करने की समझाइश दी। सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा, अनवर कुरैशी, राजस्व उपनिरीक्षक हरीश मिश्रा, जोन प्रभारी विनय चौहान, धर्मेंद्र दोगाया के अलावा कुलदीप भट्ट आदि उपस्थित थे।

# निगम आयुक्त झारिया द्वारा व्यावसायिक क्षेत्रों का निरीक्षण

18-4



रतलाम। शहर के व्यावसायिक व अन्य क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कर व्यावसायिक क्षेत्र व मुख्य मार्गो की सफाई के साथ ही नाले नालियों की सफाई के निर्देश संबधितों को देने के साथ ही भुट्टा बाजार में लगी अवैध गुमटी को हटाने के निर्देश भी दिये। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दो बत्ती, सैलाना बस स्टैण्ड, गीता मंदिर रोड, भुट्टा बाजार, डालू मोदी बाजार, नाहरपुरा, चांदनी चौक, नौलाईपुरा, धानमण्डी आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर नाले नालियों की सफाई के निर्देश संबधित को देते हुए नौलाईपुरा क्षेत्र के नाले की सफाई का कार्य तत्काल प्रारंभ करवाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देश दिये कि शहर के सभी सार्वजनिक शौचालय व यूरिनल की नियमित रूप से सफाई करवाई जाये सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी इस हेतु सभी पुरी निष्ठा, लगन एवं ईमानदारी से कार्य करे। गंदगी, भवन निर्माण सामग्री फैलाकर अतिक्रमण करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार अरूण अग्रवाल पर 3000, धर्मेन्द्र सिसोदिया पर 2000, धर्मेन्द्र टांक पर 1000, मनोहर सिंह, सुजानमल, राम किशन पर 500-500, हरि सिंह व नूर पर 250-250, रमेश, निर्मल व अनिल पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी व अतिक्रमण ना करने की समझाइश दी। निरीक्षण के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, अनवर कुरेशी, राजस्व उप निरीक्षक हरीश मिश्रा, झोन प्रभारी विनय चौहान, धर्मेन्द्र दोगाया के अलावा कुलदीप भट्ट आदि उपस्थित थे। इन्दौर समाचार

# 15 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी शहर की तीन सड़कें, टेंडर जारी

**विकास** ● साल के अंत तक काम पूरा हो जाएगा, शास्त्री नगर से न्यूरोड मार्ग फोरलेन बनेगा

18-4-22

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना काल में ठप हुई शहर विकास की योजनाओं में अब गति आने लगी है। शहर में सड़कों का नेटवर्क मजबूत करने की दिशा में तीन अहम मार्गों के निर्माण के लिए तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद नगर निगम ने टेंडर जारी कर दिए हैं। करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से तीन प्रमुख मार्गों पर सीमेंट-कंक्रीट रोड बनाई जाएगी। इसमें एक फोरलेन होगी।

नगर निगम ने टेंडर में सीसी रोड निर्माण के साथ ही पोल शिफ्टिंग, फुटपाथ, सेंट्रल लाइटिंग, पाइपलाइन शिफ्टिंग आदि सभी काम शामिल किए हैं। टेंडर में सफल फर्म को ही सभी काम करना होंगे। एक ही एजेंसी होने से काम में देरी नहीं होगी। मई में प्रक्रिया पूरी होने के बाद वर्कआर्डर जारी हो जाएंगे। संभावना है कि वर्षअंत तक तीनों मार्ग बनकर तैयार हो जाएंगे। मालूम हो कि यह मार्ग पहले मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में बनाए जाना थे, लेकिन प्रोजेक्ट में काम करने वाली कंपनी की लापरवाही के चलते हो रही देरी के कारण अब नगर निगम इन मार्गों को बनवा रहा है।

## सड़कें बनने से रहवासियों को होगी सुविधा

### 01-अंबे चौक से रिटायर्ड कालोनी

**लागत**-8.55 करोड़ रुपये
**समय सीमा**-120 दिन
**कार्य होंगे**-सीसी रोड, फुटपाथ, सेंट्रल लाइटिंग, पुलिया निर्माण आदि
**लंबाई** - 1500 मी.
**चौड़ाई**- करीब 10 मीटर
**सुविधा मिलेगी**- पटरी पार इलाके से शहर में आने के लिए इस मार्ग का उपयोग रेलवे कालोनी व अन्य कालोनियों के करीब 10 हजार रहवासी प्रतिदिन करते है। सीसी रोड बनने से आवाजाही आसान हो जाएगी।

### 02-शास्त्रीनगर फोरलेन

**लागत**-3.84 करोड़
**समय सीमा**-90 दिन
**कार्य**-सीसी रोड व सेंट्रल लाइटिंग, पोल शिफ्टिंग आदि
**लंबाई**- 510 मीटर
**चौड़ाई**-14 मीटर
**सुविधा मिलेगी**- पावर हाउस रोड फोरलेन से न्यूरोड के लिए कनेक्टिविटी आसान हो जाएगी। इससे दो बत्ती चौराहे पर वाहनों का दबाव कम होगा।

### 03-मुख्य पोस्ट आफिस रोड

**लागत**-2.77 करोड़ रुपये
**समय सीमा**-90 दिन
**कार्य होंगे**-सीसी रोड, फुटपाथ, सेंट्रल लाइटिंग आदि
**लंबाई**-385 मीटर
**चौड़ाई**- 14 मीटर
**सुविधा मिलेगी**- इस मार्ग के बनने से सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टाकीज रोड तक आवागमन में सुविधा होगी। अभी इस मार्ग पर जाम भी लगता रहता है। मार्ग चौड़ा होने से यह समस्या खत्म हो जाएगी।

## 10 किमी लंबा सिटी रिंग रोड भी बनेगा

तीन प्रमुख मार्गों के साथ ही अब शहर में आंतरिक परिवहन सुगम करने के लिए 10 किमी लंबे सिटी रिंग रोड की योजना पर भी काम हो रहा है। लोक निर्माण विभाग निर्माण करेगा। सिटी फोरलेन में पहला हिस्सा प्रताप नगर पुलिया के पास आफिसर कालोनी के तिराहे से शुरू होकर हाकिमवाड़ा, रविदास चौक, बाजना बस स्टैंड, गोशाला रोड, राजेंद्रनगर, शहीद चौक होते हुए महाराणा प्रताप प्रतिमा सैलाना बस स्टैंड तक रहेगा जबकि दूसरा हिस्सा सुभाष नगर ओवरब्रीज से कामर्स कालेज, सुमंगल गार्डन कस्तूरबा नगर, राम मंदिर चौराहा, जवाहर नगर अंबे चौक, इंडियन आइल कार्पोरेशन डिपो होते हुए लक्ष्मणपुरा कार्नर तक बनेगा।

> तीन मार्गों के लिए टेंडर जारी कर दिए है। सभी कार्य एक ही एजेंसी को करना है। इससे सड़क निर्माण समय पर हो जाएगा।
> - सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त

---

# 48 सफाई मित्रों का 1 दिवस एक दिवस का वेतन काटा

**दोपहर में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों का कटेगा पुरे दिन का वेतन, बिना सूचना के 3 दिवस लगातार अनुपस्थित रहने कर्मचारी होगें सेवा से बर्खास्त**

**रतलाम।** कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डो में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डो में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत 17 अप्रैल को प्रातः 18 व दोपहर में 30 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रातः की षिफ्ट में उपस्थित रहते हैं व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पुरे दिवस का वेतन काटा जायेगा।

इन्दौर समाचार 18-4

---

# मेले में आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने नागरिकों का खुब मनोरंजन किया

रतलाम। नगर निगम द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले में बीती रात्री में निगम रंगमंच पर आयोजित आर्केस्ट्रा में कलाकारों ने फिल्मी गीतों व गीतों पर नृत्यों की प्रस्तुति देकर बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों का देर रात तक खुब मनोरंजन किया। आर्केस्ट्रा की शुरूआत गायक प्रदीप पंवार ने गणेश वंदना व हनुमान जी के भजन के से की इसके पश्चात् कलाकारों ने अपने सुमधुर कंठ से बड़ी दूर से आये हैं प्या का तोहफा लाये है, सत्यम् शिवम् सुन्दरम, याद आ रहा है तेरा प्यार, छुप गये सारे नजारे ओय क्या बात हो गई, जो तुमको हो पसंद वही बात कहेंगे जैसे फिल्मी गीतो की प्रस्तुति दी वहीं राजस्थानी, फिल्मी व भजनों पर मनीषा ने आकर्षक नृत्यों की प्रस्तुति देकर नागरिकों का देर रात तक भरपुर मनोरंजन किया। प्रारंभ में पूर्व पार्षद प्रह्लाद पटेल ने आर्केस्ट्रा के कलाकार मोहम्मद अय्यूब, प्रदीप पंवार, माधुरी, मनीशा, जितेन्द्र चौहान, रमन हारोड़, मनोज सहगल, राजेश बैरागी, आनन्द नागरकर आदि का स्वागत पुष्प गुच्छ व पुश्पहारों से किया।

इन्दौर समाचार 18-4

# रतलाम राज्य के संस्थापक राजा रतन सिंह जी की पुण्यतिथि मनाई

**रतलाम ( तेज एक्सप्रेस )।** रतलाम राज्य के संस्थापक राजा रतन सिंह जी की पुण्यतिथि 16 अप्रैल को गोपाल सिंह गहलोत मित्र मंडल द्वारा नगर निगम तिराहे पर राजा रतन सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद कर मनाई गई ।

इस अवसर पर शहर कांग्रेस सचिव व पार्षद प्रतिनिधि इकाबेलूत, पार्षद प्रतिनिधि विनोद राठौड़, शहर कांग्रेस प्रवक्ता जोएब आरिफ, विक्रम चौहान शहर सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए पी सिंह, टेकवानी जी आदि उपस्थित रहे। राजा रतन सिंह जी का जीवन परिचय देते हुए बताया कि महाराजा रतन सिंह जी राठौर का जन्म 6 मार्च 1919 ईस्वी शनिवार चैत्र बदी अमावस्या विक्रम संवत 1675 बाला खेड़ा राजस्थान में वीर महेश दास जी राठौर के यहां हुआ था उनकी माता का नाम कुसुम कंवर था फरवरी 19 41 ईसवी शाहजहां की 50 वीं वर्षगांठ के अवसर पर कहर



कोप हाथी को वश में कर अपनी वीरता का परिचय देकर अपने पिता का उत्तराधिकारी होने का गौरव प्राप्त किया मई सन 1656 ईसवी में रतलाम राज्य की स्थापना की । 15 अप्रैल 1658 ईसवी में औरंगजेब की सेना से लोहा लेते हुए फतेहाबाद के मैदान में वीरगति को प्राप्त हुए। ठाकुर राजेंद्र सिंह गोयल ने बताया इस अवसर पर उपस्थित जनों द्वारा नगर विधायक जी जिलाधीश महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिनके द्वारा महल वाडा का मुख्य द्वार का सुंदरीकरण हेतु शहर विधायक श्री कश्यप द्वारा विधायक निधि से राशि आवंटित कर सुंदरीकरण हेतु टेंडर भी पास करवा दिए गए हैं सम्मानित जिलाधीश महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा भी महल वाडा का निरीक्षण कर उसे हेरिटेज ग्रुप में विकसित करने हेतु पहल की गई। रतलाम के युवाओं के लिए खेलकूद हेतु नेहरू स्टेडियम का भी निरीक्षण कर युवाओं के खेल के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए। नगर विधायक , जिलाधीश महोदय एवं सम्मानित पुलिस अध्यक्ष महोदय का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

तेज एक्सप्रेस 18-4

12.47 करोड़ के खर्च से होगा ऐतिहासिक तालाब सौंदर्यीकरण

**देखिए... तीसरी तस्वीर**

# भोपाल की कंपनी बदलेगी अमृत सागर तालाब की सूरत, दो माह में ये हो जाएगा जलकुंभी से मुक्त, अब तक 1550 ट्रॉली निकाली

रतलाम | शहर के दक्षिणी छोर पर स्थित प्राचीन अमृत सागर तालाब की सूरत जून से बदलना शुरू हो जाएगी। यह काम भोपाल की कंपनी करेगी। टेंडर फाइनल हो चुके हैं, अब बस परफार्मेंस गारंटी जमा होकर वर्क ऑर्डर जारी होना है। इस प्रोसेस में डेढ़ माह लगेगा। कोई रुकावट नहीं आई तो 2023 अंत तक तालाब आधुनिक स्वरूप ले लेगा। झील संरक्षण योजना में पूरे प्रोजेक्ट पर 22.84 करोड़ खर्च होंगे। इसमें पर्यटक बोटिंग का आनंद उठा सकेंगे। गढ़कैलाश मंदिर से मोती नगर तिराहे तक की पाल पर गैबियन वाल (जैसे की समुद्र के किनारों पर बड़े पत्थर डालकर बनाई जाती है) बनेगी। पर्यटक तालाब का पूरा नजारा ले सके, इसलिए इस गैबियन वाल पर व्यू डैक सहित लोगों के लिए कई सुविधाएं जुटाई जाएगी। वर्तमान में एक्वेटिक वीड हार्वेस्टर मशीन से तालाब की सफाई की जा रही है। 0.18 वर्ग किमी में फैले तालाब में से दिसंबर से अब तक 1550 ट्रॉली यानी 750 टन जलकुंभी निकाली जा चुकी है।



**ऐसे पर्यटक स्थल में बदलेगा अमृत सागर तालाब**

- **एंट्री गेट** - 2, पहला अमृत सागर बगीचे के पास, दूसरा मोतीनगर तिराहे पर
- **कंस्ट्रक्टेड वेटलैंड** - गौशाला और दीनदयाल नगर तरफ से आने वाले नालें पर बनेंगे
- **लोहे की रेलिंग** - 1500 मीटर लंबी, तालाब की पाल के सहारे लगेगी
- **गैबियन वॉल** - 300 मीटर लंबी गढ़कैलाश मंदिर से मोतीनगर तिराहे तक सड़क का कटाव रोकने बड़े-बड़े पत्थर डालकर बनाई जाएगी
- **रिटेनिंग वॉल** - 300 मीटर लंबी, मंदिर से मोती नगर तिराहे तक जा रही सड़क के दूसरी तरफ बनेगी।
- **स्टोन पीचिंग** - अमृत सागर बगीचे से मोती नगर तक और बोहरा बाखल वाली पाल मजबूत करेंगे।

*वर्क ऑर्डर प्रक्रिया चल रही - वर्तमान में वर्क ऑर्डर की प्रक्रिया चल रही है। इसके निपटते ही अमृत सागर तालाब का सौंदर्यीकरण शुरू हो जाएगा। इसका फायदा आसपास की 11 कॉलोनियों के रहवासियों को मिलेगा, जो अभी जलकुंभी, गंदे पानी और उसकी बदबू से परेशान हैं।* - **चेतन्य काश्यप, विधायक**

भास्कर 18-4

# मेले में आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने नागरिकों का खूब मनोरंजन किया

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम 18-4



रात तक भरपूर मनोरंजन किया।

नगर निगम द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले में बीती रात्रि में निगम रंगमंच पर आयोजित आर्केस्ट्रा में कलाकारों ने फिल्मी गीतों व गीतों पर नृत्यों की प्रस्तुति देकर बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों का देर रात तक खुब मनोरंजन किया। आर्केस्ट्रा की शुरूआत गायक प्रदीप पवांर ने गणेश वंदना व हनुमान जी के भजन से की, इसके पश्चात् कलाकारों ने अपने सुमधुर कंठ से बड़ी दूर से आये हैं प्यार का तोहफा लाएं हैं, सत्यम् शिवम् सुन्दरम्, यादें आ रहा है तेरा प्यार, छुप गये सारे नजारे ओय क्या बात हो गई, जो तुमको हो पसंद वही बात कहेंगे... जैसे फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी, वहीं राजस्थानी, फिल्मी व भजनों पर मनीषा ने आकर्षक नृत्यों की प्रस्तुति देकर नागरिकों का देर रात तक भरपूर मनोरंजन किया।

प्रारंभ में पूर्व पार्षद प्रहलाद पटेल ने आर्केस्ट्रा के कलाकार मोहम्मद अय्यूब, प्रदीप पंवार, माधुरी, मनीशा, जितेन्द्र चौहान, रमन हारोड़, मनोज़ सहगल, राजेश बैरागी, आनन्द नागरकर आदि का स्वागत पुष्प गुच्छ व पुष्पहारों से किया।

# 48 सफाई मित्रों का 1 दिवस एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चैक किया गया, जिसके तहत 17 अप्रैल को प्रातः 18 व दोपहर में 30 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि प्रातः की शिफ्ट में उपस्थित रहते हैं व दोपहर की शिफ्ट में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर संबंधित का पूरे दिवस का वेतन काटा जाएगा।

अवन्तिका 18-4

# निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा व्यावसायिक क्षेत्रों का निरीक्षण

रतलाम। शहर के व्यावसायिक व अन्य क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कर व्यावसायिक क्षेत्र व मुख्य मार्गों की सफाई के साथ ही नाले नालियों की सफाई के निर्देष संबंधितों को देने के साथ ही भुट्टा बाजार में लगी अवैध गुमटी को हटाने के निर्देष भी दिये। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने दो बत्ती, सैलाना बस स्टैण्ड, गीता मंदिर रोड, भुट्टा बाजार, डालू मोदी बाजार, नाहरपुरा, चांदनी चैक, नौलाईपुरा, धानमण्डी आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर नाले नालियों की सफाई के निर्देश संबंधित को देते हुए नौलाईपुरा क्षेत्र के नाले की सफाई का कार्य तत्काल प्रारंभ करवाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देष दिये कि षहर के सभी सार्वजनिक षौचालय व यूरिनल की नियमित रूप से सफाई करवाई जाये सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी इस हेतु सभी पुरी निश्ठा, लगन एवं ईमानदारी से कार्य करे। गंदगी, भवन निर्माण सामग्री फैलाकर अतिक्रमण करने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अरूण अग्रवाल पर 3000, धर्मेन्द्र सिसोदिया पर 2000, धर्मेन्द्र टांक पर 1000, मनोहर सिंह, सुजानमल, राम किषन पर 500-500, हरि सिंह व नूर पर 250-250, जुर्माना वसूल किया गया।

# निगम आयुक्त ने व्यावसायिक क्षेत्रों का निरीक्षण किया

## भुट्टा बाजार में लगी अवैध गुमटी को हटाने को कहा

रतलाम. शहर के व्यावसायिक व अन्य क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने रविवार को किया। इस दौरान व्यावसायिक क्षेत्र व मुख्य मार्गों की सफाई के साथ ही नाले नालियों की सफाई के निर्देश संबंधितों को देने के साथ ही भुट्टा बाजार में लगी अवैध गुमटी को हटाने को कहा।

निगम आयुक्त झारिया ने दो बत्ती, सैलाना बस स्टैण्ड, गीता मंदिर रोड, भुट्टा बाजार, डालू मोदी बाजार, नाहरपुरा, चांदनी चौक, नौलाईपुरा, धानमण्डी आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर नाले नालियों की सफाई के निर्देश संबंधित को देते हुए नौलाईपुरा क्षेत्र के नाले की सफाई का कार्य तुरंत शुरू करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होने अधिकारी एवं कर्मचारियों को कहा कि शहर के सभी सार्वजनिक शौचालय व यूरिनल की नियमित रूप से सफाई हो। सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी।

**यहां लगाया जुर्माना :** गंदगी, भवन निर्माण सामग्री फैलाकर अतिक्रमण करने पर जुर्माने की कार्रवाई रविवार को भी जारी रही। निगम के स्पाट फाइन दल ने अरूण अग्रवाल पर 3000, धर्मेन्द्र सिसोदिया पर 2000, धर्मेन्द्र टांक पर 1000, मनोहर सिंह, सुजानमल, राम किषन पर 500-500, हरि सिंह व नूर पर 250-250, रमेष, निर्मल व अनिल पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन किया। निरीक्षण के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, अनवर कुरेषी, राजस्व उप निरीक्षक हरीश मिश्रा, झोन प्रभारी विनय चौहान, धर्मेन्द्र दोगाया के अलावा कुलदीप भट्ट आदि उपस्थित थे।

---

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022

# गार्बेज फ्री सिटी सर्वे के लिए कभी भी आ सकती है टीम

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) स्टार रेटिंग का सर्वे करने के लिए टीम दो से तीन में आ जाएगी। पहले से कोई निर्धारित प्रोग्राम तो अभी नहीं आया है, लेकिन राजधानी से संकेत मिलने के बाद मैदानी तैयारियों में तेजी आ गई है।



प्रमाणीकरण के जीएससी वाले भाग में नगर निगम ने इस बार भी फाइव स्टार का दावा कर रखा है। हालांकि इसमें उसे बीते दो साल से कामयाबी नहीं मिल पाई है। दोनों ही बार के सर्वे में निगम को जीरो रेटिंग मिला है। यही वजह है कि मुख्य सर्वे निपटने के बाद अब निगम का पूरा फोकस जीएफसी सर्वे पर है। इसमें खासतौर पर घरों से निकलने वाले 100 प्रतिशत कचरे का संग्रहण होना जरूरी है। इसके लिए डोर टू डोर कचरा कलेक्शन गाड़ियों रोजाना चार से पांच ट्रिप लगा रही है।

## 200 अंक का पहले ही हो चुका है नुकसान

7500 नंबर वाले स्वच्छ सर्वेक्षण में से शहर के 200 अंक पहले ही कट गई है, क्योंकि निगम ने वाटर प्लस सर्वे के लिए दावा ही नहीं किया। इसकी मुख्य वजह सिटी के 16473 मकानों का सीवरेज सिस्टम से नहीं जुड़ पाना है। वाटर प्लस से बाहर होने पर अब ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट मिला तो भी सिर्फ 800 अंक ही मिलेंगे।

## कचरा वाहनों ने 255 ट्रिप लगाई, 95 टन कचरा जमा

रविवार को डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहनों ने 225 ट्रिप लगाई। इसके चलते जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड तक लगभग 95 टन से ज्यादा कचरा पहुंचा। इसमें भी डंपर से 11200 किलो, ट्रैक्टर से 8845 किलो, मैजिक से सूखा कचरा 52680 किलो व गीला 22845 किलो कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड आया।

## सर्वेक्षण में कितने अंक

- प्रमाणीकरण - 2250
- गार्बेज फ्री सिटी स्टार रेटिंग - 1250
- ओडीएफ डबल प्लस और वॉटर प्लस 1000

**पानी चोर सक्रिय** • अंडरग्राउंड पाइप से सींच रहे थे खेत, दो साल पहले 30 से ज्यादा पर हो चुकी है कार्रवाई

# सिंचाई के लिए धोलावाड़ डेम से आ रही जलप्रदाय की मुख्य पाइप लाइन फोड़ दी

## नगर निगम ने की कार्रवाई, , अब पूरे रूट की जांच होगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

धोलावाड़ डेम से शहर तक जलप्रदाय की मुख्य पाइप लाइन पर पानी चोर फिर सक्रिय हो गए हैं। रविवार को एक मामला सामने आया है, इसमें मोरवानी के आगे मुख्य पाइप लाइन से ही चोर ने सेंध लगा दी। इधर, घटना के बाद अब नगर निगम का अमला अलर्ट मोड पर आ गया है। कार्रवाई की जा रही है। वहीं, पाइप लाइन के पूरे रूट की जांच की जाएगी।

मामला गंभीर है, क्योंकि इस पाइप लाइन से पूरे शहर में पानी की सप्लाय होती है। दो साल पहले 30 से ज्यादा जगह पानी चोरी की जा रही थी, इसे लेकर कार्रवाई की थी। रविवार को मोरवानी के आगे पानी चोरी के लिए मुख्य पाइप लाइन में छेद कर दिया था। नगर निगम की टीम पहुंची तो धबाईपाड़ा निवासी रामचंद्र पिता धनजी के खेत में पानी जाना मिला। 600 एमएम की पाइप में 2 इंच का छेद किया था। बताया यह भी जा रहा है कि चोरी के पानी से ही एक फसल ली जा चुकी थी। नगर निगम की टीम ने मुख्य पाइप लाइन को ठीक किया, वहीं, पाइप जब्त किए है।



मोरवानी के आगे पानी चोरी किया जा रहा था। निगम की टीम ने लाइन सुधारी, डाले पाइप भी जब्त किए।

### धोलावाड़ से मोरवानी के बीच ज्यादा मामले

- पानी की चोरी के सबसे ज्यादा मामले धोलावड़ से मोरवानी के बीच सामने आते हैं।
- पिछले तीन साल से कार्रवाई को लेकर नगर निगम सख्त है।
- दो साल पहले धोलावड़ से फिल्टर प्लांट के बीच 30 से ज्यादा कार्रवाई की थी।
- 10 किमी में 50 जगह ज्वाइंट में छेदकर पानी चोरी किया जा रहा था।
- पानी चोरी के लिए डाले अंडरग्राउंड पाइप 10 से ज्यादा जगह से जब्त किए थे।

16-4

### पाइप अंडरग्राउंड ताकि पता ना चले

इधर, पानी चोरी करने के लिए पाइप अंडरग्राउंड डाले जाते हैं ताकि रोड से निकलने वालों को नहीं दिखे। इधर, अब नगर निगम का अमला पाइप लाइन की बारीकी से जांच करने में जुटा है। कहीं भी गड़बड़ी मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी। पेयजल को लेकर कलेक्टर भी सख्त निर्देश दे चुके हैं। वहीं, जिस किसान के खेत तक पानी चोरी होना मिला है, उस पर एक साल पहले भी पानी चोरी का प्रकरण दर्ज हो चुका है।

### धोलावाड़ डेम मड पंप के भरोसे हो सकता है

इधर, इस साल तेज गर्मी है। पानी को लेकर खास चिंता है। धोलावाड़ का लेवल 385.15 मीटर पर आ चुका है। यह पिछले साल से 0.4 मीटर कम है। पिछले साल 17 अप्रैल को ही पानी 385.55 मीटर रहा था। डेम में मड पंप उतार दिए हैं। इस सप्ताह से मड पंप से पानी लाने की तैयारी है। हालांकि, जिले में इस साल अच्छी बारिश हुई है, ऐसे में जलसंकट की चिंता नहीं रहेगी। अधिकारियों की माने तो लाइव स्टोरेज से पानी लिया जाता है तो साढ़े पांच महीने तक आसानी से जलप्रदाय हो सकता है। इसके अलावा डेड स्टोरेज से भी 8 महीने तक पानी ले सकते हैं।

### पुरानी ईदगाह पर करवाई साफ-सफाई

# उत्साह से ईद मनाने को लेकर तैयारी शुरू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क 18-4
patrika.com



रतलाम. इन दिनों रोजे चल रहे हैं। भरी गर्मी में रोजेदार दिनभर इबादत में लगे हुए हैं। इन सब के बीच ईद की तैयारियां शुरू हो गई हैं। करीब दो वर्ष से कोरोना काल के चलते ईद तो मनी थी, लेकिन कोरोना के गाइड लाइन का पालन कराया गया था, इस बार सभी पर्व को मनाने की छूट है, ऐसे में ईद का पर्व भी उत्साह से मनाया जाएगा। ईद के पूर्व शहर के बड़ी ईदगाह में नमाज होगी, जिसमे रोजेदार व नमाज पढने आने वालों को स्वच्छता का वातावरण मिले, इसकी तैयारियां शुरू हो गई है।

रविवार को पुरानी ईदगाह का साफ सफाई व निरीक्षण किया गया। दो के बाद ईद की नमाज ईदगाह में अदा की जाएगी। जिसकी तैयारियों को लेकर समाजसेवियो के साथ नगर निगम की पूर्व नेता प्रतिपक्ष यास्मिन शेरानी, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि शहजाद खान, शाहिद हुसैन, नासिर भाई, अख्तर भाई, अनीस खान ने पुरानी ईदगाह का निरीक्षण किया व सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। यास्मीन शेरानी ने बताया कि ईदगाह में 2 साल से नमाज नहीं होने की वजह से रखरखाव नहीं हो पाया था। इसके साथ ही यहां पर कई प्रकार की अव्यवस्था भी व्याप्त थी। उसको जल्द ही निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## नगर निगम उठाएगा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट सामग्री

**रतलाम ।** निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट सामग्री के नियमानुसार निष्पादन हेतु नगर निगम द्वारा योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेंटर में निर्माण एवं विध्वंस सामग्री बनाया गया है। नागरिक मोबाईल नम्बर 7471144078 पर कॉल करके सामग्री को उठवा सकते है। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों के अन्तर्गत नगर निगम द्वारा योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेंटर में निर्माण एवं विध्वंस सामग्री बनाया गया है।

18-4

# स्वच्छ भारत कार्यक्रम आज

**रतलाम।** भाजपा जिला इकाई पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार 20 अप्रैल तक सामाजिक न्याय पखवाड़ा मनाएगी। जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा ने पार्टी के वरिष्ठजनों से विचार-विमर्श करके पखवाड़े के तहत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न आयोजनों के लिए प्रभारियों की घोषणा कर दी है।

जिला मीडिया प्रभारी अरुण राव ने बताया कि 18 अप्रैल विश्व विरासत दिवस पर स्वच्छ भारत कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें मंडल स्तर पर नगर निगम/स्थानीय निकाय के सफाई कर्मचारियों को स्वच्छ भारत में उनके योगदान के लिए स्थानीय नेताओं द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही पार्टी नेता व कार्यकर्ता जिला, मंडल, बूथ स्तर पर सफाई अभियान में शामिल होंगे। पार्टी कार्यकर्ता मंदिर, बावड़ी, तालाब सहित अन्य स्मारक तथा ऐतिहासिक स्थल का चयन कर वहां सफाई अभियान में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के प्रभारी नंदनराज जैन होंगे। 19 अप्रैल को पोषण अभियान के अंतर्गत पार्टी की महिला मोर्चा नेत्रियां आंगनबाड़ियों/पीएचसी का दौरा करेंगी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व आशा कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम की प्रभारी पूनम पटवा को बनाया गया है। 20 अप्रैल को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ऐसे स्थानीय स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों व प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया जाएगा, जिन्हें गुमनामी के अंधेरो में भुला दिया गया है। इस कार्यक्रम के प्रभारी लाल बहादुर पाटीदार होंगे। 18-4-22

## नेशनल लोक अदालत 14 मई को आयोजित होगी

**रतलाम |** 14 मई को नेशनल लोक अदालत लगेगी। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष के मार्गदर्शन में आयोजन किया जाएगा। विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरण जैसे क्लेम, सिविल, विद्युत, धारा 138 एनआई एक्ट, वैवाहिक, भू-अर्जन, श्रम, उपभोक्ता विवाद संबंधी मामले, राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, सर्विस मैटर व जिला न्यायालय में लंबित राजस्व मामलों का निराकरण होगा।

बिजली कटौती में भेदभाव

# गांवों में सुबह 6 से 10 बजे तक तो शहर में सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक हो रहा मेंटेनेंस

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में मानसून पूर्व मेंटेनेंस चल रहा है। शहर के साथ यह ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा है, दोनों स्थानों का समय अलग-अलग है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह 6 से 10 बजे तक मेंटेनेंस हो रहा है, तो शहर में सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक मेंटेनेंस चल रहा है। मेंटेनेंस से दोपहर में बिजली बंद रहने से भीषण गर्मी में शहरवासी परेशान हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की तरह शहर में मेंटेनेंस का समय सुबह का होना चाहिए, ताकि भीषण गर्मी में लोग पसीना-पसीना ना हो।

गांव और शहर में मेंटेनेंस का समय अलग-अलग क्यों

दिलीपनगर निवासी महेंद्र डोडियार ने बताया मेंटेनेंस गांव और शहर में एक जैसा हो रहा है तो समय अलग-अलग क्यों है। दोपहर में मेंटेनेंस होने से बिजली बंद हो जाती है। भीषण गर्मी में परेशान होना पड़ता है। गांव की तरह शहर में सुबह 6 से 10 बजे तक मेंटेनेंस किया जाए ताकि गर्मी में परेशान ना होना पड़े। कस्तूरबा नगर निवासी हितेंद्र उपाध्याय ने बताया मेंटेनेंस के लिए चार घंटे का समय तय किया है। लाइट 5 घंटे में आती है। दोपहर के समय में मेंटेनेंस होने से भरी दोपहरी में परेशान होना पड़ता है। इससे गांव की तरह ही सुबह का समय होना चाहिए ताकि परेशान ना होना पड़े।

## मेंटेनेंस इन दिनों बंद है, जब भी करते हैं तो सुबह करते हैं

बिजली कंपनी के ग्रामीण डीई जयपाल ठाकुर ने बताया मेंटेनेंस कुछ दिनों से बंद है। हम जब भी मेंटेनेंस करते हैं। सुबह 6 से 10 बजे तक करते हैं ताकि लोगों को परेशान ना होना पड़े। इस सीजन में जबसे मेंटेनेंस शुरू किया है, तब से यही समय तय कर रखा है। आगे भी मेंटेनेंस का यही समय रहेगा।

**सुबह 9 बजे बाद करते हैं मेंटेनेंस-** बिजली कंपनी के डीई शहर विनय प्रतापसिंह ने बताया सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक मेंटेनेंस करने की वजह शहर में सुबह पानी सप्लाई का समय होना है। नगर निगम द्वारा सुबह 9 बजे तक पानी सप्लाई किया जाता है। जल्द मेंटेनेंस करेंगे तो शहर में पानी की परेशानी आ सकती है। भास्कर

**बिजली की ट्रिपिंग बढ़ी-** भीषण गर्मी में ट्रिपिंग बढ़ गई है। रविवार को दिनभर में कई बार बिजली ट्रिप हुई और लोगों को परेशान होना पड़ा। पॉवर हाउस रोड, सैलाना बस स्टैंड, शास्त्रीनगर, स्टेशन रोड सहित आसपास के क्षेत्रों की बिजली कई बार बंद हुई और लोग परेशान होते रहे। आए दिन बिजली ट्रिप होने से लोग परेशान हो रहे हैं।

18-4

# मेले में आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने नागरिकों का खूब मनोरंजन किया

18-4

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले में बीती रात्री में निगम रंगमंच पर आयोजित आर्केस्ट्रा में कलाकारों ने फिल्मी गीतों व गीतों पर नृत्यों की प्रस्तुति देकर बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों का देर रात तक खूब मनोरंजन किया। आर्केस्ट्रा की शुरुआत गायक प्रदीप पवांर ने गणेश वंदना व हनुमान जी के भजन के से की इसके पष्चात कलाकारों ने अपने सुमधुर कंठ से बड़ी दूर से आये हैं प्यार का तोहफा लाये है, सत्यम शिवम सुन्दरम, याद आ रहा है तेरा प्यार, छुप गये सारे नजारे ओय क्या बात हो गई, जो तुमको हो पसंद वही बात कहेंगे जैसे फिल्मी गीतो की प्रस्तुति दी वहीं राजस्थानी, फिल्मी व भजनों पर मनीशा ने आकर्षक नृत्यों की प्रस्तुति देकर नागरिकों का देर रात तक भरपुर मनोरंजन किया। प्रारंभ में पूर्व पार्शद श्री प्रहलाद पटेल ने आर्केस्ट्रा के कलाकार मोहम्मद अय्यूब, प्रदीप पवांर, माधुरी, मनीशा, जितेन्द्र चौहान, रमन हारोड़, मनोज सहगल, राजेष बैरागी, आनन्द नागरकर आदि का स्वागत पुश्प गुच्छ व पुष्पहारों से किया। नवनिवेश

# निगम आयुक्त झारिया द्वारा व्यावसायिक क्षेत्रों का निरीक्षण

- सफाई का कार्य नियमित रूप से करवाने व भुट्टा बाजार में लगी अवैध गुमटी को हटाने के दिए निर्देश
- सार्वजनिक शौचालय व यूरिनल की दोनों समय सफाई करवाई जाए
- गदंगी करने व अमानक पॉलीथीन उपयोग करने पर 6 व्यक्तियों पर जुर्माना

प्रसारण न्यूज • रतलाम

शहर के व्यावसायिक व अन्य क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कर व्यावसायिक क्षेत्र व मुख्य मार्गों की सफाई के साथ ही नाले-नालियों की सफाई के निर्देश संबंधितों को देने के साथ ही भुट्टा बाजार में लगी अवैध गुमटी को हटाने के निर्देश भी दिए।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने दो बत्ती, सैलाना बस स्टैण्ड, गीता मंदिर रोड़, भुट्टा बाजार, डालू मोदी बाजार, नाहरपुरा, चांदनी चौक, नौलाईपुरा, धानमण्डी आदि क्षेत्रों का निरीक्षण कर नाले-नालियों की सफाई के निर्देश संबंधित को देते हुए नौलाईपुरा क्षेत्र के नाले की सफाई का कार्य तत्काल प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शहर के सभी सार्वजनिक शौचालय व यूरिनल की नियमित रूप से सफाई करवाई जाए, सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी, इस हेतु सभी पूरी निष्ठा, लगन एवं ईमानदारी से कार्य करें।

गंदगी, भवन निर्माण सामग्री फैलाकर अतिक्रमण करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अरूण अग्रवाल पर 3000, धर्मेन्द्र सिसौदिया पर 2000, धर्मेन्द्र टांक पर 1000, मनोहर सिंह, सुजानमल, राम किशन पर 500-500, हरिसिंह व नूर पर 250-250, रमेश, निर्मल व अनिल पर 100-100 रूपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी व अतिक्रमण ना करने की समझाईश दी।

निरीक्षण के दौरान सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, अनवर कुरेशी, राजस्व उप निरीक्षक हरीश मिश्रा, झोन प्रभारी विनय चौहान, धर्मेन्द्र दोगाया के अलावा कुलदीप भट्ट आदि उपस्थित थे।

15-4-22




# समाजिक न्याय पखवाड़े के अंतर्गत असंगठित श्रमिको के सम्मेलन का आयोजन

18-4

रतलाम। सम्पूर्ण भारत मे भारतीय जनता पार्टी द्वारा सामाजिक न्याय पखवाड़े का आयोजन 7 से 20 अप्रेल तक किया जा रहा है। इसी तारतम्य मैं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के जिला प्रभारी इब्राहिम शैरानी, कार्यक्रम संयोजक एवं जिला अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंसूर जमादार, सह संयोजक एवं जिला मीडिया प्रभारी मुबारिक शैरानी द्वारा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वाधान मैं असंगठित श्रमिको के सम्मेलन का आयोजन कर वेंडिंग नेम प्लेट एवं प्रधानमंत्री के संदेश को अतिथियों के द्वारा वितरित कराया गया। कार्यक्रम मे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष इब्राहिम शैरानी, जुग्गी झोपड़ी प्रदेश संयोजिका अनिता कटारिया, जिला मंत्री सोना शर्मा, जिला भंडार प्रभारी दशरथ पाटीदार, मण्डल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, मण्डल महामंत्री राकेश परमार, धर्मेंद्र सिंह, महिला मोर्चा जिला महामंत्री महिला मोर्चा अनिता पाहुजा मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रो इमरान हुसैन द्वारा एवं आभार जिला मीडिया प्रभार मुबारिक शैरानी द्वारा माना गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बबलू पटेल, वाजिद खान, रईस कुरेशी, सलीम नेताजी, हमीद खान, लतीफ बा, शेख अजरुद्दीन, ज़ाकिर हुसैन फ़क्क़ा, अज़हर मंसूरी, शरीफ कुरेशी, इमरान खान, अकबर कुरेशी आदि अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी में इसरार रेहमानी जिला कार्यालय मंत्री ने दी।

## अवधि समाप्त, तस्कर को भेजा जेल, पुलिस को डोडाचूर

निप्र.। 22 किलो डोडाचूरा तस्करी के आरोपी को 5 दिन रिमाण्ड अवधि समाप्त होने के बाद जेल भेजने के आदेश हुए। पुलिस को अब डोडाचूरा देने वाले की तलाश
रमेश पिता रतारामं विश्नोई को 22 किलो डोडाचूरा ले जाते हुए गिरफ्तार किया था। दूसरे दिन न्यायालय ने आरोपी को 5 दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपा था। पूछताछ के
दौरान बताया। पुलिस ने मंगल के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। रिमाण्ड अवधि समाप्त होने के बाद आरोपी को पुनः न्याया

निप्र.। पिता के अंतिम संस्कार के राशि लेने के विवाद में भाई ने भाई को पीटा, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। माल्याखेरखेड़ा मगरा निवासी नागेश पिता रमेश
और बोला कि पिताजी के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में 10 हजार रुपए तेरे हिस्से के आए थे, तूने अभी तक क्यों नहीं दिए, कहकर गाली-गलौज करने लगा, मा
किया।